**खबर संक्षेप**

## सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विद्यार्थियों को मिलेंगे अच्छे अवसर

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन उच्च षिक्षा विभाग भोपाल ने प्रत्येक महाविद्यालय से तीन प्रविष्ठियाँ (प्रदर्शनी) भोपाल में राजीवगाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 10 एवं 11 मई को जिले के महाविद्यालयों से 27 प्रविष्ठियाँ (प्रदर्शनी) का आयोजन होगा। जिसमें प्रत्येक प्रविष्टी से एक गाईड षिक्षक एवं 04 विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। महाविद्यालय स्तर पर प्रविष्ठियों का चयन कर फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफी राजीवगाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल को भेजी जायेगी जिनका प्रदेष स्तर पर अपलोकन पश्चात चयन किया जायेगा। जिनकी पुनः प्रदर्शन 10 एवं 11 मई को भोपाल में होगी। प्रविष्ठियों का विषय 1-वर्किंग मॉडल-प्रेक्टिकल एप्लिकेषन को दर्शाने वाले। 2-डोमेसट्रेटिव मॉडल-दृष्य आधारित भौतिक प्रस्तुतिकरण। 3-सेम्यूलेषन आधारित प्रोजेक्ट-क्रियाओं डिजाईनों या भविष्य की सम्भावनाओं की सेम्यूलेषन के माध्यम से प्रदर्शित करने वाले प्रोजेक्ट्स। मॉडल की श्रेणियाँ- रूरल टेक्नालॉजी, क्लीन एण्ड ग्रीन एनर्जी, वेस्ट मैनेजेमेंट, स्वास्थ्य विज्ञान-लाईफ साईंस। सृजन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य तकनीकि एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर। सृजन कार्यक्रम में महाविद्यालयीन विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे, जिसमें राज्य स्तर पर प्रत्येक श्रेणी के मॉडल पर 12-12 पुरसकार प्रदान किये जायेंगे जो 5000 से 20000 तक पुरूसकार की राषि होगी। इच्छुक विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क करें।

### मुख्यमंत्री के आतिथ्य में 1100 से अधिक वर-वधु गृहस्थ जीवन में किए प्रवेश

# नवविवाहितों को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ

*** 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1552.38 करोड़ रूपए की राशि अंतरित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माँ नर्मदा नदी का क्षेत्र प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा हुआ है। नर्मदा नदी के जल से महाकौशल, मालवा और गुजरात का क्षेत्र सिंचित होता है। मध्यप्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व के पहले नदी जोड़ों अभियान के अंतर्गत केन बेतवा नदी, लिंक परियोजना प्रांरभ की गई जिससे बुंदेलखण्ड की धरती हरी-भरी हो गई है। पानी के आभाव में होने वाले पलायन को रोकने के लिए नदी जोड़ो अभियान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी जोड़ो अभियान के तहत राजस्थान और मध्यप्रदेश के जिले सिंचित होंगे। प्रदेश में किसानों के विकास के लिए नया सवेरा आएगा और खेतों में फसलों की हरियाली लहराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को ग्राम पंचायत टिकरवारा में 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1552.38 करोड़ रूपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 56.68 लाख हितग्राहियों को 340 करोड़ रूपए, 25 लाख बहनों को सिलेंडर रिफलिंग राशि, 57 करोड़ रूपए अंतरित तथा मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुष्पवर्षा कर नव विवाहित वर-वधुओं को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने व उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह गोंड़वाना की धरती वीरों की धरती रही है। यहां रानी दुर्गावती, राजा शंकरशाह, रघुनाथशाह, रानी अवंती बाई की वीरगाथाएं प्रचलित है। रानी दुर्गावती ने अपने राज्य में जल संचय का अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने जल संचय के लिए असंख्य ताल-तलैयों का निर्माण किया। जननायक भगवान बिरसामुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हर महीने बहनों के खातों में 1250 रूपए की राशि अंतरित कर रही है। बहनों के खातों में जब यह पैसा आता है तो वह उसका सदुपयोग करती है, इससे वह आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम हो रही हैं। इसी प्रकार से एलपीजी की 25 लाख बहनों को 57 करोड़ रूपए की राशि सब्सिडी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी गरीब परिवारों के लिए पक्के मकान बनाए जाएंगे। जिन हितग्राहियों के नाम छूट गए हैं उनके नाम जोड़ने के लिए पुनः सर्वे कराया जायेगा और उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जायेगी। किसानों को उन्नत और समृद्ध बनाने के लिए बिजली कनेक्शन से लेकर सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे। किसानों को सोलर पंप के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। किसानों के खेतों में सोलर पंप से सिचाई होने पर बिजली बिल के झंझट से उन्हें मुक्ति मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि सोलर पंप से अधिक बिजली उत्पादन होने पर सरकार किसानों से बिजली खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौपालकों की हरसंभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि 25 गाय पालने वाले गौपालकों को 25 प्रतिशत की राशि प्रदान की जायेगी। गौपालकों का दूध सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदा जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में विवाह एक प्रमुख संस्कार है। विवाह संस्कार के माध्यम से वर-वधु नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मंडला जिले में 1100 से अधिक वर-वधु दाम्पत्य जीवन में बंध रहे हैं। उनके विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक सहित हजारों नागरिक शामिल होकर साक्षी बने हैं। इस योजना के तहत प्रति जोड़े के लिए 55 हजार रूपए प्रदान किए जाते हैं। इस योजना के तहत प्राप्त राशि से वर-वधु अपनी मनपसंद की चीजें खरीद सकते हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना से आज पूरा मंडला जिला आनंद से भरा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों के लिए पैसों की बचत जरूर करें, अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा प्राप्त करने के लिए संघर्ष किया। सामाजिक समरसता, समता एवं न्यायपूर्ण समाज के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने जीवनकाल में संघर्ष करते हुए प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे हैं।

### सभी विकासखंडों में एक वृंदावन गांव बनाया जायेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुरातन संस्कृति को सहेजने के लिए हर विकासखंड में एक वृंदावन गांव बनाया जायेगा। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी पुरातन परंपराओं से परिचित होगी और इससे जुड़कर समाज को आगे लेकर जायेगी। इसी तारतम्य में खरगौन में टंट्या मामा विश्वविद्यालय प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है, जिसके तहत महिलाओं को स्थानीय निकाय के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। महिलाओं को संपत्ति रजिस्ट्री में 2 प्रतिशत शुल्क की छूट दी गई है। तेंदूपत्ता श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिमानक बोरा 4 हजार रूपए कर दिया गया है।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दिखा लोक संस्कृति का रंग

मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम में लोक संस्कृति का रंग दिखा जहां मंडला जिले के प्रसिद्ध सैला नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति की गई, वहीं गुदुम बाजा ने सभी को आकर्षित कर दिया। अलीराजपुर से पहुंचे नृतक दल की नृत्य शैली व भाव-भंगिमा से क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। विवाह समारोह में पंडवानी गायन की छटा भी देखी गई। विवाह समारोह पूरी तरह से लोकरंग में रंगकर सबको उत्साहित किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज का दिन उत्सव का दिन है। प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में 1250 रूपए की राशि अंतरित की गई है। आज आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के तहत नव दंपत्तियों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश लिया है।

## श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**मण्डला।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन खेर माता मंदिर परिसर मण्डला मध्यप्रदेश में किया गया है कल कथा के चौथे दिन श्री भागवत जी का मंगलाचरण कर भागवताचार्य अमर कृष्ण जी के श्री मुख से सुनाया गया कथा के माध्यम भागवताचार्य जी ने कहा न जाने कितनो ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष को प्राप्त किए। श्रीमद भागवत कथा के श्रवन मात्र से भगवान को पाया जा सकता है जीवन में जो कथा सत्संग सुनते हैं उन्हे ही अपनी कृपा से आनन्दित करने को हरि तैयार हो कर आते है भागवताचार्य अमर कृष्ण जी कहते हैं कि सुखदेव मुनी जी कथा के माध्यम से हमे धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए ऐसा सत्मार्ग दिखाते हैं क्योंकि धर्म हमे संस्कार के साथ साथ सदमार्ग पर चलने का पथ प्रदर्शित करते हैं, हमे भी आचरण अपने जीवन में करना चाहिए प्रहलाद की भक्ति का विस्तार से वर्णन किये अजामिल उपाख्यान का वर्णन कर वामन अवतार एवं कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी सजाई गई कथा के परायण कर्ता अंकित पांडेय ऋषिकेश से आए हैं मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती ज्योति मिश्रा, रूपेश मिश्रा एवं परिवारगण है। आस पास से भक्त भारी संख्या में उपस्थित हो कर कथा का रसपान कर रहे हैं कल छप्पन भोग एवं श्री कृष्ण बाल लीला की कथा सुनाई जाएगी। आयोजक- समस्त आयोजक परिवार एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के टिकरवारा मंडला आगमन पर केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जी के सहयोग और मार्गदर्शन में ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत अभिनंदन करते हुए तीन ज्ञापन सौंपे। एसोसिएशन ने अपने ज्ञापनों में कहा कि ग्रेच्युटी भुगतान में पूर्ण सेवा अवधि (शिक्षाकर्मी/संविदा शिक्षक भर्ती दिनांक से) की गणना की जाए।उप्र की तर्ज में मप्र में भी 2005के पूर्व नियुक्त शिक्षाकर्मियों (वर्तमान में शैक्षणिक संवर्ग में संविलयित शिक्षक) को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। एजुकेशन से ट्राइबल और ट्राईबल से एजुकेशन में प्रतिनियुक्ति से स्थानांतरित शिक्षकों को कार्यरत विभाग में मर्ज किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में डी के सिंगौर प्रांताध्यक्ष, दिलीप मरावी जिलाध्यक्ष, संजुलता सिंगौर मण्डला ब्लाक अध्यक्ष, अमर सिंह चंदेला नैनपुर ब्लाक अध्यक्ष, अभित गुप्ता, मुकेश सिंगौर, अमित मिश्रा, सालिगराम पटैल, संदीप कछवाहा, अनिल सिंगौर, विपिन अग्रवाल, दुर्गेश पटैल, बबलू सिंगौर, राजेश पटैल, ब्रजेश पटैल, सुखमन मरकाम, रामकृष्ण पटैल, रामप्रकाश पटैल, रविन्द्र पटैल, नीलेश पटैल, अनुराधा पटैल, रणजीत पटैल, रंजीता पटैल, नवीन पटैल, नारायण सिंगौर आदि उपस्थित थे।

## फिर आबाद सट्टा कारोबार, प्रशासन सुस्त, दलाल मस्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जैसे जैसे गर्मी का मौसम बढ़ रहा है ठीक उसी तरह नारायणगंज नगर में भी सट्टा-पट्टी का कारोबार भी गरमाना शुरू हो गया है, कुछ समय से प्रशासन की सख्ती के कारण इन अवैध कारोबार पर कुछ हद तक लगाम लग गई थी, परंतु अब यह कारोबार फिर आबाद होने लगा है।

नारायणगंज नगर में गली कूचों और चौराहों पर सट्टा पट्टी लिखने वाले दलाल की बैठक फिर शुरू हो गई है नगर के बड़ चौराहा, मंगल भवन, बालई पुल, ग्राम भावल तथा अन्य स्थानों पर सट्टोरियो का जमघट लगा रहता है।

सूत्रों के अनुसार प्रशासन के कुछ कर्मचारियों तथा स्थानीय नेताओं के सहयोग के चलते सट्टा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं, एक के दस करने के लोभ में लोग बाग इस सट्टा पट्टी के दलदल में फस रहे हैं, जिसके चलते कई लोगों के घर परिवार बर्बाद होने की स्थिति में है, परंतु प्रशासन की कोई सुध नहीं है।

**आरोप** | ईडी के निशाने पर विपक्ष के नेता-कांग्रेस।

# बदले की भावना से की जा रही कार्यवाही-कांग्रेस

*** कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आज जब भारत 75 वर्षों से अधिक पुराने लोकतंत्र की विरासत का दावा करता है, तब देश के भीतर एक खतरनाक प्रवृत्ति लगातार गहराती जा रही है, केंद्र सरकार द्वारा सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई, लोकतंत्र की आत्मा को निरंतर घायल कर रही है।

हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि स्पष्ट रूप से यह केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता का भी प्रतीक है।

जिस परिवार ने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया, जिनके अपने बलिदान हुए, उस गांधी-नेहरू परिवार को केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार बार-बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। 2014 से लगातार यह देखा जा रहा है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी एजेंसियों का मनमाना उपयोग किया जा रहा है! इससे यह स्पष्ट है कि यह एक राजनीतिक हथियार के रूप में एजेंसियों को प्रयोग करने की रणनीति है।



हम महामहिम से निम्नलिखित मांग करते हैं-आप भारत के संविधान के संरक्षक हैं, कृपया इस गंभीर प्रकरण में स्वतः संज्ञान लें और केंद्र सरकार से जवाब तलब करें कि बिना किसी मूल शिकायत के किस आधार पर वर्षों पुराने प्रकरण को पुनः खोलकर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है?

राजनीतिक प्रतिद्वंदिता की आड़ में लोकतंत्र को कुचलने की साजिश को रोका जाए। देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बचाने हेतु भी आप तत्काल हस्तक्षेप करें।

इस प्रकार की कार्रवाइयों पर तत्काल निष्पक्ष और स्वतंत्र न्यायिक जांच की व्यवस्था हो, जिससे देश की जनता के बीच एजेंसियों की निष्पक्षता और लोकतंत्र की साख बची रह सके।

यह ज्ञापन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंडला जिला,शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जा रहा है, ताकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक जनता और जनप्रतिनिधियों की असहमति दर्ज हो सके।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, प्रदेश पदाधिकारी अभिनव चौरसिया, शहर अध्यक्ष रजनीश रंजन उसराठे वरिष्ठ कांग्रेसी संजय चौरसिया, रवि ठाकुर, अदीब गौरी, उमाकांत झरिया, नंदू भाईजान, आशीष चौधरी, राहुल श्रीवास, मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



# आधार कार्ड अपडेट न होने की समस्या से जूझ रहे लोग, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिये आधार जरूरी होने से केन्द्रों पर लग रही भीड़, सुबह पांच बजे से सड़क पर दिखाई देने लगती है लम्बी लाईन







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जहां एक ओर सरकार द्वारा शासकीय हर कार्य में आधार कार्ड को अनिवार्य किया जा रहा है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब लोगों के पास आधार ही नही होगे या फिर पूर्व में बनाये गये आधार कार्डो में जो गलतियाँ हुई है उनका सुधार नही हो पायेगा तो फिर शासन की योजनाओं का लाभ कैसे मिल पायेगा..? क्योंकि इस समय केन्द्र सरकार के आदेश पर शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलो के साथ साथ निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले सभी छात्र छात्राओं की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बताया जाता है कि अपार आईडी से हर छात्र का पूरा पढ़ाई संबंधी विवरण उपलब्ध रहेगा। इस तरह अपार आईडी के लिये छात्र छात्राओं के आधार कार्ड जो मोबाईल फोन से लिंक होना जरूरी है। मगर देखा जा रहा है कि अनेक छात्र छात्राओं सहित उनके अभिभावकों के आधार कार्ड जो वर्षो पहले बनाये गये थें वह मोबाईल फोन से लिंक नही है तो दूसरी ओर अनेक आधार कार्डो में नाम, पता सहित अन्य प्रकार के गलतियाँ है। जिसके चलते उनमें सुधार को लेकर अभिभावक सहित छात्र छात्राये परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर किसानों भाईयों को भी अपनी फार्मर आइडी से लेकर अन्य जरूरी कार्यो के लिये आधार कार्ड की जरूरत पड़ रही है। इस तरह अपने आधार कार्डो को लेकर सभी वर्ग के लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। बीते हुये क्योंकि शासन द्वारा गाडरवारा सहित क्षेत्र के सांईखेड़ा, चीचली, सालीचौका में संचालित अनेक आधार कार्ड सेन्टरों को किन्ही कारणों के चलते बंद कर दिया गया था। मगर कुछ दिनों पहले जिला कलेक्टर द्वारा एक आदेश जारी करते हुये जन संपर्क विभाग के माध्यम से आधार सुधार कार्य के लिये कुछ केन्द्रो को शुरू करने की बात कही गई थी। मगर इसके बाद भी बीते हुये बुधवार की सुबह स्थानीय पोस्ट आफिस आधार केन्द्र पर लोगों की जब लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई तो ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद जिन




नये केन्द्रो को शुभारंभ किये जाने की बात कही गई थी कही वह अखबारों की खबरों तक सीमित होकर तो नही रहे गई है..? खैर सच्चाई जो भी हो..। मगर इस समय आमजन अपने आधार कार्डो के सुधार को लेकर परेशान होते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई के साथ शासन प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? नगर के पोस्ट आफिस में आधार कार्डो में सुधार कार्य करने के लिये निर्धारित क्षमता रहने के कारण एक दिन में चंद आधार कार्डो का सुधार कार्य ही हो पाता है। इस स्थिति में देखा जा रहा है कि नगर के बडे पोस्ट आफिस के सामने सुबह 5 बजे से ही लम्बी लाईन लगना शुरू हो जाती है। क्योंकि यहां पर प्रतिदिन गाडरवारा सहित क्षेत्र के सांईखेड़ा, चीचली, सालीचौका, कौड़िया के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों के आलवा आसपास बनखेड़ी, उदयपुरा सहित अन्य जगहों से भारी संख्या में अभिभावक जहां अपने बच्चों के आधार कार्ड में सुधार के लिये पहुंच रहे है तो दूसरी ओर अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिये आम लोगों के साथ साथ कृषक बंधु भी अपने आधार कार्डो को मोबाइल से लिंक कराने के लिये यहां पर पहुंचते हुये देखे जा रहे है। इस स्थिति के चलते नगर के मुख्य मार्ग यानि की पोस्ट आफिस के सामने जाम की स्थिति बनते हुये तो देखी ही जा रही है। वही दूसरी ओर गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आधार केन्द्रों के बने हुये आभाव कारण स्कूली छात्र छात्राओं के साथ सभी वर्ग के लोगों को परेशान होते हुये देखा जा रहा है। जबकि एक साल पहले तक नगर के लोक सेवा केन्द्र के आलवा पानी टंकी, बैक आफ बडौदा, सेवा सहकारी बैक, बीएसएनएल आफिस सहित अन्य जगहों पर आधार केन्द्र संचालित हो रहे थें। जहां पर लोग आसानी से अपने आधार कार्डो में सुधार कार्य करा लेते थें। मगर पता नही किन कारणों से शासन द्वारा इन आधार केन्द्रो का बंद करा दिया गया है। नगर ही नही बल्कि संपूर्ण गाडरवारा तहसील क्षेत्र में इस तरह आधार केन्द्र संचालित नही होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के साथ आम लोग भी अपने आधार कार्डो को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर आधार कार्डो में सुधार नही होने की स्थिति में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी परेशानियों का सामना इसलिये करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि उन्हें अपनी शिक्षण संस्थाओं के सभी छात्र छात्राओं की निर्धारित अवधि के दौरान फार्मो संबंधि तैयार करवाना है..? इस तरह नगर में आधार कार्डो में सुधार के लिये पर्याप्त मात्रा में केन्द्र न होने से आम लोगों को हो रही परेशानी के चलते मीड़िया द्वारा यह सच्चाई बीते हुये लम्बे समय से उजागर की जा रही है। मगर इसके बाद भी जिला मुख्यालय से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि लोगों को जहां परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ से भी आमजन बंचित होने से नही चूक पा रहा है..? इस संबंध में गुरूवार को आधार कार्ड सुधरवाने के लिये लाईन में लगी हुई एक महिला से चर्चा की गई तो उसका कहना है कि मैं अपने आधार कार्ड में सुधार के लिये बीते हुये कई दिनों से चक्कर लगा रही हूं। मगर मेरा आधार कार्ड नही सुधर पा रहा है। क्योंकि देखा जाता है कि प्रतिदिन लम्बी लाईन में लगे रहने के बाद भी कह दिया जाता है कि अब आज समय हो चुका है कल आना इस स्थिति में हम लोग दिन भर कोई दूसरा काम भी नही कर पाते है। इसी प्रकार से ग्राम झांझनखेड़ा से आये हुये युवक का कहना था कि शासन द्वारा जिस तरह स्कूली बच्चों की अपार आईडी बनाने के आलवा अन्य कार्यो के लिये आधार कार्ड जरूरी किये गये है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि शासन प्रशासन को पहले आधार कार्ड सुधार के केन्द्र शुरू कर ना चाहिये था। इस तरह आधार केन्द्र पर्याप्त मात्रा में नही होने के कारण हम लोगों को परेशान होना पड़ रहा है और आधार सुधार के लिये लम्बी लाईनों में लगने के बाद भी सुधार नही हो पाने की स्थिति में खाली हाथ घर लौटने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि शासन के आदेश के अनुसार सभी बच्चों की अपार आईडी हो या फिर अन्य जरूरी दस्ताबेज तैयार करना है। मगर उसके लिये आधार कार्ड जरूरी है। अनेक बच्चों के आधार कार्डो में गड़बडी होने के कारण वह दस्ताबेजों से मेल नही हो रहे है। इस स्थिति में आधार कार्ड में सुधार जरूरी है। हम जान रहे है कि आधार कार्ड केन्द्र नही होने के कारण बच्चों सहित उनके अभिभावको को परेशान होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब द्वारा आयोजित शिविर का द्वितीय दिवस पत्रकार साथी द्वारा पूजन करते हुये किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय रोटरी क्लब द्वारा आयोजित निःशुल्क पांच दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस का पूजन पत्रकार साथी राजीव दुबे द्वारा करते हुये कार्यक्रम को शुभारंभ कराया गया। ज्ञात हो कि प्रथम दिवस में सुबह व शाम दोनों शिफ्टों में लगभग 165 नगर वासियों ने घुटना दर्द, अस्थमा, सर्वाइकल डायबिटीज, पेट से संबंधित समस्याएं, थायराइड वह अन्य बीमारियों के लिए स्वास्थ्य लाभ लिया। वही दूसरे दिवस भी मरीजो को लाईन लगते हुये देखी गई। इस प्रकार रोटरी क्लब की वरिष्ठ सदस्य ी मिनेंद्र डागा द्वारा बताया गया कि प्रथम दिवस का संचालन बहुत अच्छे से हमारे डॉक्टर एवं रोटेरियन साथियों के साथ संपन्न किया गया। वही रोटरी क्लब अध्यक्ष मनीष जायसवाल द्वारा बताया गया की प्रथम दिवस में गाडरवारा के नगर वासियों ने शिविर का भरपूर लाभ लिया एवं आज सुबह से भी रजिस्ट्रेशन यथावत चल रहा है। इस तरह आने वाली तीन शिविर जारी रहते हुये अन्य लोग भी इसका लाभ ले सकते है। वही इस आयोजन के संबंध में रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी नीलेश साहू द्वारा बताया कि यह शिविर आने वाले तीन दिनों तक लगातार जारी रहेगा। हम चाहते है कि अधिक से अधिक लोग पहुंचकार इस शिविर का लाभ लेवे। आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के समस्त मेंबर, डॉक्टरो की टीम नगर के नगर वासी मौजू रहते हुये लाभ लेने पहुंचने वाले लोगों की हर संभव मदद करते हुये देखे जा रहे है।

### नरहरियानंद तालाब में स्वच्छता के लिए हुआ श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 30 जून तक जिले में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बीते हुये दिवस मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की विकास खंड सांईखेड़ा द्वारा नरहरियानंद तालाब की साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों, परामर्शदाताओं और आम नागरिकों की सहभागिता से सांईखेड़ा के नरहरियानंद सरोबर में स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस दौरान जागरूकता रैली व जल संवाद का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद साईखेडा के सचिन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल के आलवा परामर्शदाता और मप्र मप्र जनअभियान परिषद की संस्थाओं के सदस्य मौजूद रहे।

### नगर की नालियों पर पैसा बालो का कब्जा, अतिक्रमण मुहिम के बाद भी मुक्त नहीं हो पा रही है नालियां?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आये दिन देखा जाता है कि प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम तो चलाई जाती है। मगर उस अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह मात्र औपचारिता ही साबित होते हुए सिर्फ छोटे मोटे गरीबों के घर तोड़ने तथा टपरे हटाने तक सीमित रह जाती है? क्योंकि जिस प्रकार से प्रभावशाली लोगों द्वारा अपना अतिक्रमण किया गया है वह तोड़ने में शायद प्रशासन द्वारा संकोच बरती जाती रही है जिसकी सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है? इस प्रकार से अतिक्रमण हो हटाने के लिए अभियान चलाकर जिन लोगों के कुछ वर्ष पहले अतिक्रमण हटाये गये थें। वह लोग पुनः उसी जगहो पर कबीज नजर आते हुए दिखाई पड़ रहे है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो गरीबों के अतिक्रमण हटाने मे बहादुरी दिखाने वाला प्रशासन का अतिक्रमण दस्ता पूंजी पतियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने मे बेबस नजर जान पड़ रहा है? क्योंकि यदि नगर के अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे।

# शासकीय पट्टे की भूमि को निजी जमीन बताकर 36 लाख 35 हजार में विक्रय करने वालों पर पुलिस ने दर्ज किया मामला, हल्का पटवारियों की भूमिका सवालों के घेरे में ...?




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शासकीय भूमि पर कब्जा करने के साथ उसका विक्रय होने का गोरख धंधा लगातार फल फूलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। मगर इस सच्चाई को लेकर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह इस प्रकार शासकीय पट्टे की भूमि का विक्रय होने के बाद उसका पंजीयन हो जाता है जब कही सच्चाई उभर कर सामने आ पाती है। सही मायाने में देखा जावे तो इस तरह शासकीय भूमि के विक्रय में चल रहे गोरख धंधे में बगैर राजस्व विभाग की मिली भगत के बगै संभव नही हो सकता है..? क्योंकि शासन द्वारा हर मौजा व हल्का में राजस्व विभाग द्वारा पटवारी नियुक्त किया जाता है जो इस बात की देखरेख करता है कि आखिर शासकीय भूमि कहा है और वह किस स्थिति में होने के साथ सबकुछ लेखा जोखा हल्का पटवारी के पास रहने के बाद भी इस तरह शासकीय भूमि का विक्रय होना निश्चित तौर से हल्का पटवारियों की भूमिका को सबालों के घेरे में खड़ा करने से नही चूक पाती है..? कुछ इसी प्रकार का मामला बीते हुये एक माह पहले गाडरवारा तहसील क्षेत्र में फिर सामने आया है जिसके चलते गाडरवारा पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा बीते हुये 12 मार्च 2025 को आरोपियों के खिलाफ दर्ज किये गये मामले के अनुसार घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रार्थी गंगाराम पिता नन्हे लाल लोधी उम्र 64 साल निवासी मोहपा सालीचौका द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि करेली निवासी रफीक भाईजान वर्ष 2016 में मेरे निवास सालीचौका आकर मौजा खामघाट बरमान में कृषि भूमि खरीदने का प्रस्ताव दिया था, जिस पर मैने तथा मेरे परिवार के लोगो ने कृषि भूमि मौजा खामघाट सतधारा बरमान जाकर कृषि भूमि देखने गये तो वहां रफीक भाईजान ने 6.80 एकड नलकूप से लगी कृषि भूमि दिखाई थी जो कि रफीक भाईजान बेचने को इच्छुक था। जिसको लेकर मैने व मेरे परिवार के बाकी सदस्यो ने 36,35,000 रूपये अंकन छत्तीस लाख पैतीस हजार रूपये में सौदा तय कर लिया था। वही रफीक भाईजान ने उक्त कृषि भूमि राजस्व निरीक्षक मण्डल सिहोरा, ब्लक चवरपाठा तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मौजा खामघाट प.ह.नं. 144 नं.ब.90.ख.नं. 117/3 रकबा 2.32 एकड (0.938 हेक्ट.) का तथा उक्त कृषि भूमि से लगी कृषि भूमि जो कि राजस्व अभिलेखो में अब्दुल वासिद आ.समद खान जाति मुसलमान करेली की ख.नं. 115/1 में से 4.48 एकड (1.0530 हेक्ट.) ग्राम खामघाट प.ह.नं. 144 (लिंगा) तह. गाडरवारा की कृषि भूमि कुल 6.80 एकड पर कब्जा करा दिया था तथा रफीक भाईजान ने वर्ष 2016 में ही उक्त कृषि भूमि पर कब्जा देने के पूर्व मेरे पुत्र बीरेंद्र लोधी के खाते वाले एक्सिस बैंक नरसिंहपुर का एक कोरा चैक मेरे पुत्र बीरेंद्र के हस्ताक्षर वाला, अमानत के तौर पर रख लिया था। वही रफीक भाईजान ने उक्त कृषि भूमि का विक्रय मूल्य कुल रूपये 36,35,000/- छत्तीस लाख पैतीस हजार रूपये मेरे निवास स्थान से समस्त गवाहन के टुकडो टुकडो मे प्राप्त किये थें। इस तरह भूमि के पैसा प्राप्त किये जाने के बाद जब दिनांक 26 दिसम्बर 2018 को रफीक भाईजान ने मेरे पुत्र वीरेंद्र लोधी के नाम उप पंजीयक गाडरवारा के समक्ष रामकुमार (बैनामा लेखक) से, विकय कमांक एम.पी. 268142018ए 1829419 लिखा पढी कराई। रजिस्ट्री के दौरान रफीक भाईजान ने 2-2 लाख रूपये के चार चैक एक्सिस बैंक शाखा नरसिंहपुर के चैक पुत्र वीरेंद्र लोधी से मनसुख जाटव को देने बात कहते हुये लिये थें। तथा उक्त मूल विकय पत्र रफीक भाईजान ने अपने पास रख लिया था। जब उक्त विक्रय पत्र की लिखा पढ़ी के समय बकाया कृषि भूमि 4.48 एकड की लिखा पढी की बात मैंने रफीक भाईजान से की तो उसने कहा की 2-3 महीने के अंदर बाकी की कृषि भूमि की लिखा पढी कर देगे। इस तरह वर्ष 2016 से मैं तथा मेरा परिवार उक्त दोनो कृषि भूमियों 6.80 एकड पर काबिज होकर लगातार खेती किसानी करते आ रहे हैं। इसके बाद जनवरी 2021 में बार-बार रफीक भाईजान से मूल विकय पत्र माँगने के बाद प्राप्त किया एवं उक्त कृषि भूमि (मेरे पुत्र वीरेंद्र लोधी के नाम से कय की गई थी) उसके संबंध जब मैंने राजस्व कार्यालयों में पता किया तो पता चला कि उक्त विक्रय पत्र वाली कृषि भूमि शासकीय पटटे वाली कृषि भूमि है। शिकायत कर्ता का आरोप है कि जब उनसे जमीन के पैसा वापिस मांगे तो गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। इस तरह प्रार्थी द्वारा की गई शिकायत के अनुसार आरोपियों द्वारा शासकीय पट्टी की भूमि को निजी जमीन बताते हुये कूट रचित तरीके से 36 लाख 35 हजार रूपया में विक्रय करते हुये राशि हड़पने की शिकायत को लेकर पुलिस द्वारा आरोपी रफीक मोहम्मद उर्फ रफीक भाईजान आ. हाजी शेख लाल बजाज आयु 55 वर्ष निवासी सरकारी अस्पताल के पीछे करेली, मनसुख जाटव आ.बाबूलाल जाटव आयु 47 वर्ष निवासी गिदवानी, अब्दुल वासिद पिता समद खान निवासी करेली सहित एक महिला निवासी बरमान कला तथा रामकुमार सेवा प्रदाता (बैनामा लेखक) गाडरवारा के विरूद्ध अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह शासकीय पट्टे की भूमि का आरोपियों द्वारा विक्रय करते हुये खरीदने वालों के नाम उप पंजीयक कार्यालय में खिला पढ़ी तक करा दी गई। मगर इसके बाद भी राजस्व विभाग को किसी तरह से जानकारी न लगना सबालों को जन्म देने से नही चूक रहा है..? इतना ही नही पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ दर्ज किये गये मामले में इस बात का खुलासा ही सामने आया है कि शिकायत कर्ता द्वारा जमीन खरीदने के दौरान सौदे से लेकर कब्जे के गवाहों के रूप में दो पटवारियों के नाम भी सामने आये है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ दर्ज किये गये मामले में यह बात उजागर होते हुये जान पड रही है कि यह संपूर्ण सौदे बाजी पटवारियों के सामने ही हुई है..? वही गौर किया जावे तो जब उप पंजीयक कार्यालय में किसी की जमीन का विक्रय होने के बाद पंजीयन होता है तो जमीन संबंधी संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत किये जाते है।

## घटना के अनुसार सालीचौका पुलिस ने नहीं लिखी शिकायत, पीड़ित ने आरोप लगाते हुये पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय सालीचौका में लगातार पटरी से उतरते हुये दिखाई पड़ रही कानून व्यवस्था तथा पीड़ितो द्वारा की जाने वाली शिकायतों में पुलिस की कार्य प्रणाली लगातार चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब एक व्यक्ति द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंचकर सालीचौका पुलिस द्वारा शिकायत के अनुसार मामला दर्ज नही किये जाने का आरोप लगाते हुये शिकायत की गई। बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम खिरिया अर्जुनगांव निवासी सुरेन्द्र लोधी के साथ जिस तरह मारपीट होने के बाद जब वह सालीचौका पुलिस चौकी पहुंचा तो पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले से प्रार्थी नाखुश होने के साथ साथ आरोप लगाते हुये देखा जा रहा है कि पुलिस द्वारा उसके बताये अनुसार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नही किया है तथा पुलिस द्वारा आरोपी को मदद पहुंचाते हुये दिखाई दे रही है..? प्रार्थी सुरेन्द्र पिता मुरलीधर लोधी निवासी ग्राम खिरिया अुर्जन गांव द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंचकर की गई अपनी शिकायत में सालीचौका पुलिस पर आरोप गया गया है कि मेरे साथ बीते हुये 12 अप्रैल को गांव के ही निवासी लखत सिंह अहिरवार द्वारा शराब पीने के लिये पैसा मांगे गये और जब मैने यानि की प्रार्थी ने पैसा नही दिये तो फावडा मारकर चोट पहुंचाई गई। वही आरोपी द्वारा किये गये हमले के चलते पीड़ित के सिर में गंभीर चोटे आने के चलते लगभग 26 टांके आना बताया जा रहा है। वही जिला पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि घटना को लेकर जब सालीचौका पुलिस चौकी शिकायत करने के लिये गया तो पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामूली धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद प्रार्थी कुछ दिनों तक जिला चिकित्साय में भर्ती रहने के बाद जब अपने घर पहुंचा तो आरोपी द्वारा पुनः गंदी गंदी गालिया देते हुये पुलिस थाने में शिकायत करने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुये राजीनामा लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। इस तरह प्रार्थी द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है।



## हनुमान जयंती में सहयोग करने वालों का युवा दल द्वारा किया सम्मान




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** युवादल द्वारा बीते हुये लगभग 16 सालों से जिस तरह भगवान हनुमानजी का प्राकटोत्सव नगर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी प्रकार से इस साल भी बीते हुये शनिवार श्री हनुमान जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में जिस तरह सभी वर्ग का जो सहयोग मिला उसके चलते जहां नगर में सनातन धर्म की अलग ही अलख जाग्रत होते हुये देखी गई। वही दूसरी ओर निकले गये चल समारोह में सहयोग करने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाते हुए शोभायात्रा में बने सभी पात्रो का कार्यालय भारतीय युवा दल ने सम्मान किया गया। सर्वप्रथम अपनी उपस्थिति से सभी को दर्शन आशीर्वाद देते प्रमुख संत दंडी स्वामी श्री श्री राजेश्वर आश्रम, भगवान दास महात्यागी, रामानंद महाराज उक्त अवसर पर मां गंगा की झांकी, आईआईटी बाबा, मोनालिसा, मां अन्नपूर्णा, यमुना जी तथा माँ सरस्वती जी, चंचल नाथ की प्रतिकृति, चंद्रशेखर आजाद सहित बाल स्वरूप नव कन्या, हनुमान जी, कुबेर जी, रूद्रनाद ग्रुप, संस्कृति गर्जना, आर्यावर्त अखाड़ा, बाल दुर्गा, ढोल, डीजे, घोड़ा बग्गी, सहित छायाकार संगठन के द्वारा अपने अपने स्तर पर युवादल को अपना सहयोग प्रदान करते हुये कार्यक्रम को सफल बनाया उसके चलते युवा दल की ओर से राव उदय सिंह द्वारा सभी का सम्मानित करते हुये प्रसादी के रूप में त्रिवेणी संगम से बुलाया गया अमृत स्वरूप गंगाजल व अन्य सामग्री प्रसादी के रूप में वितरण की गई।

### नाम परिवर्तन सूचना

अंजली शर्मा आ. श्री गिरधारी लाल शर्मा हाल निवास रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। यह है कि शपथकर्ता वर्तमान में तहसील सांईखेड़ा प.ह.न 25 दहलवाडा रा.नि.मं. देवरी में पटवारी के पद पर कार्यरत हूं। यह है कि मेरा विवाह 30/11/2020 में श्री मंयक उपाध्याय आ. श्री शिवहरी उपाध्याय निवासी रानी लक्ष्मीबाई वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के साथ संपन्न हुआ है। मैं अपना सरनेम विवाह उपरांत श्रीमति अंजली उपध्याय पत्नि मंयक उपाध्याय निवासी रानी लक्ष्मीबाई वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर लिखने लगी हूं एवं मेरा नाम मेरी सेवा पुस्तिका एवं अन्य सभी दस्तावेजों में श्रीमति अंजली उपध्याय पत्नि मंयक उपाध्याय दर्ज कराना चाहती हूँ। क्योंकि मैं अंजली आ. श्री गिरधारी लाल शर्मा तथा शादी उपरांत श्रीमति अंजली उपध्याय पत्नि मंयक उपाध्याय एक ही व्यक्ति हूं। अतः मुझे श्रीमति अंजली पत्नि मंयक उपाध्याय के नाम से जाना व पढ़ा जावे।

शपथ कर्ता
अंजली आ. श्री गिरधारी लाल शर्मा
हाल निवास रानी लक्ष्मीबाई वार्ड
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)






## खबर संक्षेप

### अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटक रहे युवक

**डिण्डौरी।** जिले में जनजातीय कार्य विभाग और जिला पंचायत में अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए युवक सालों से भटक रहे है। लेकिन विभाग नियुक्ति को लेकर संजीदा नजर नही आ रहा है। जिससे वेरोजगारी की मार झेल रहे युवक भटक रहे है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुषील कुमार दुबे पिता स्व.राजकुमार दुबे निवासी धवाडोंगरी ने लिखित आवेदन के माध्यम से कलेक्टर से अनुकंपा नियुक्ति दिलाये जाने की मांग की है। अपने आवेदन में लेख किया है कि 23 दिसंबर 2017 को जनजातीय कार्य विभाग में सेवाकाल के दौरान पिता की मृत्यु हो गई थी। शासन के नियमानुसार शासकीय सेवक की सेवाकाल के दौरान पात्रता के आधार पर नजदीकी परिजन को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का प्रावधान है। इसके मद्देनजर युवक ने जनजातीय कार्य विभाग में अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन किया था लेकिन सात साल गुजर जाने के बाद भी युवक को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नही की गई है। युवक ने आवेदन में बतलाया है कि जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालय में संपर्क करने पर उसे पद खाली नही होने और अनावष्यक कारण का हवाला देकर टाल दिया जाता है। युवक ने बतलाया कि पिता की मृत्यु के बाद परिवार के भरण पोषण में परेषानी पेष आ रही है। इसी तरह जिला पंचायत डिण्डौरी में सचिव पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति में हीला हवाली की जा रही है जिससे अनेक युवा रोजगार से वंचित है । सालो से अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया जारी होने की बात कहते हुए संबंधित अधिकारी टाल मटोल कर रहे है। कभी नियुक्ति संबंधी प्रकरण भोपाल वरिष्ठ कार्यालय भेजने तो कभी रोस्टर जनपदों से मंगवाने तो कभी समिति द्वारा नियुक्ति करने और न्यायालय में मामला विचाराधीन होने का हवाला देकर टाल दिया जाता है। आलम यह है कि अनुकंपा नियुक्ति की आष में युवक भटक रहे है जिससे धन और समय दोनों बर्वाद हो रहा है कुछ युवकों के परिवार में भरण पोषण की समस्या पैदा हो गई है। विभाग की उदासीनता का नतीजा यह है कि आश्रितों का पेट भरने के लिए युवको को मजदूरी करने के लिए दूसरे प्रदेष में जाना पड़ रहा है।

### 14 पाव प्लेन अवैध शराब की गई जप्त

**डिंडौरी-** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का में एक व्यक्ति के कब्जे से 14 पाव प्लेन अवैध शराब जप्त की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सक्का में एक व्यक्ति एक सफेद रंग की पन्नी में अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखे हुये है। मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिश देने पर एक व्यक्ति मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद शुक्ला पिता उमा शंकर शुक्ला उम्र 63 वर्ष निवासी ग्राम सक्का बताया। व्यक्ति के पास रखी सफेद रंग की पन्नी की तलाषी लेने पर उसमें 14 पाव प्लेन शराब पाई गईं । जप्त की गई कुल शराब 2.520 लीटर की कीमत 1400 रूपये है।

### सफारी वाहन ने मोटर साइकिल चालक समेत सड़क किनारे खड़े ग्रामीण को मारी टक्कर

**डिंडौरी**-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरिया तिराहा में सफारी वाहन के चालक ने मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे खड़े ग्रामीण को टक्कर मार दी। पीड़ित पक्ष के चंद्रभान राजपूत पिता दान सिंह राजपूत उम्र 18 साल निवासी ग्राम बहेरा माल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा बडा भाई खेम सिंह कारपेंटर का काम करता है। मंगलवार को मेरा भाई काम करने डिंडौरी अपनी मोटर साईकल क्रमांक एमपी 52 जेडए 8351 से गांव के कन्हैया गौतम के साथ गये थे। दोपहर करीब 3.30 बजे अनिल गौतम ने मुझे फोन कर बताया कि तुम्हारे बडे भाई खेम सिह व कन्हैया गौतम का ग्राम सरहरी में सिमरिया तिराहा के पास डिंडौरी अमरकंटक मेन रोड में एक्सीडेंट हो गया है। घायल अवस्था में पडे हैं। मैं सिमरिया तिराहा पहुंचा तो देखा कि मेरा बडा भाई खेम सिंह, कन्हैया गौतम व एक और व्यक्ति तोडर सिंह निवासी बिछिया घायल अवस्था में पड़े थे। कथन में बतलाया कि दोपहर करीब 03.30 बजे सिमरिया तिराहा के पास गाडासरई तरफ से आ रही सफारी वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडई 6474 के अज्ञात चालक ने तेजगति व लापरवाही पूर्वक खेम सिंह की मोटर साईकल में टक्कर मार दी।

## जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने सड़क पर खाली बर्तन रखकर लगाया जाम

**डेढ़ घंटे हाईवे में आवागमन रहा बाधित, अधिकारियों की समझाइष के बाद बहाल हुआ मार्ग**





डिंडौरी

जिले में गर्मी बढ़ते ही जल संकट भी गहराने लगा है। ग्राम पंचायत, जनपद समेत जनसुनवाई में भी आवेदन देने के बाद भी लोगों को जलसंकट से निजात मिलते नहीं दिख रहा है। ग्रामीण अब सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज करने लगे है, जिससे विभाग की उदासीनता की पोल भी खुलने लगी है। इसी तारतम्य में बुधवार की सुबह जनपद पंचायत बजाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत बछरगांव के पोषक ग्राम झिंझरी के ग्रामवासियों द्वारा खाली बर्तन रखकर चक्का जाम कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 8.30 बजे ग्रामवासी खाली बर्तन लेकर शहडोल से पंडरिया रोड में खाली बर्तन रखकर पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। गांव की महिलाएं, पुरुष समेत बच्चे पानी की समस्या का निराकरण करने की मांग करने लगे।

### डेढ़ घंटे तक लगा रहा हाइवे पर जाम

ग्रामीणों के प्रदर्शन दौरान हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को पानी की समस्या के निराकरण के लिए काफी समय तक समझाइश दी गई। समझाइश के बाद ही ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और करीब डेढ़ घंटे के बाद सुबह करीबन 10 बजे जाम समाप्त किया गया।

### एक मात्र हैंडपंप से भी नहीं मिल पा रहा पानी

ग्रामीणों का कहना था कि झिंझरी के सड़क टोला में करीब दो दर्जन से अधिक परिवार रह रहे हैं। यहां पर एकमात्र हैंडपंप है, जिसमें भी जल स्तर काफी नीचे चला गया है और पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामवासियों के अनुसार यहां पर नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई है बावजूद इसके अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है।

### डेढ़ किलोमीटर दूर से लाना पड़ रहा पानी

गांव की महिलाओं ने बताया कि यहां पर करीब 35 से 40 घर है और उनके बीच एकमात्र हैंडपंप है। वह भी इतना टाइट चल रहा है कि तीन-चार लोग मिलकर ही उसे चला पाते हैं तब कहीं जाकर कुछ लोगों को पानी मिल पाता है। मवेशियों के लिए भी पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। किसी दिन तो ऐसा भी होता है कि पानी नहीं मिलने से नहाना और कपड़े धोना तक नहीं हो पाता। पीने के लिए बड़ी मुश्किल से पानी का जुगाड़ कर पा रहे हैं। बस्ती के अंदर पानी की सप्लाई होती है लेकिन सड़क टोला में पानी नहीं चढ़ पाता है। डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी काफी मुश्किल से ला पाते है।महिलाओं का आरोप है कि वोट मांगने के लिए तो नेता बड़ी-बड़ी गाड़ियां लेकर गांव तक पहुंच जाते हैं लेकिन पानी की समस्या के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को भी पानी की समस्या से कोई मतलब नहीं है।

### नया ट्यूबवेल खनन का आश्वासन

पीएचई विभाग के एसडीओ का इस संबंध में कहना है कि झिंझरी के सड़क टोला में एक हैंडपंप है और वह भी टाइट चल रहा है। सड़क टोला में मोटर डलवाकर ग्रामवासियों द्वारा पानी की सप्लाई की मांग रखी गई है। समनापुर से एक एचपी की मोटर बुलवाई गई है। उसे लगवाकर पानी की सप्लाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सड़क टोला में 8 इंची बोर के लिए सर्वे करने के बाद यदि वहां पानी मिल जाएगा तो नया ट्यूबवेल भी लगवा दिया जाएगा। इस संबंध में बताया कि सरपंच से बात चल रही है उसका बिजली बिल भुगतान पंचायत द्वारा किया जाएगा। एसडीओ ने बताया कि लाइट की व्यवस्था भी कराई जा रही है। पाइप लाइन पहले से पड़ी है उसे जोड़कर पानी की सप्लाई कराई जाएगी।

## आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी






आउटसोर्स, अस्थाई, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा शासकीय विभागों, ग्राम पंचायतों, स्कूलों छात्रावासों में कार्यरत अस्थाई, आउटसोर्स श्रमिक कर्मचारियों की न्यायसंगत मांगों के निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम बुधवार को नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम पंचायतों के चैकीदार, नल जल चालक, सफाईकर्मी, मनरेगा मेठ, स्कूलों, छात्रावासों, अस्पतालों, आयुष, मेडीकल कालेजों, मंडियों, एमपीईबी, यूनिवर्सिटियों, कालेजों, आईटीआई, पोलीटैक्निक कालेजों, नगरीय निकाय, सहकारिता, ग्रामीण एवं नेशनल बैंकों से लेकर सचिवालयों, मंत्रालयों, संचनालयों तक में कार्यरत अस्थाई, आउटसोर्स तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके कार्यरत पद पर स्थाईकर्मी का दर्जा दिए जाने की मांग के गई है। इसी प्रकार कंप्यूटर आपरेटर, शिक्षक, चैकीदार, भृत्य, पंप आपरेटर, अंशकालीनकर्मी, योग प्रशिक्षक, सफाईकर्मी, माली, वाहन चालक, वार्ड ब्वाय, सुरक्षा गार्ड, हेल्पर, आफिस वाय, सुरक्षा वनकर्मी आदि को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के समकक्ष पद पर काम करने वाले सभी आउटसोर्स, अस्थाई कर्मचारियों को स्थाईकर्मी का दर्जा देकर उनके भविष्य को सुरक्षित कर न्यूनतम 21000 रुपए वेतन दिया जाए। ग्राम पंचायतों के चैकीदार, पंप आपरेटर, भृत्य, सफाईकर्मियों को जब तक स्थाईकर्मी नहीं बनाया जाता, तब तक कलेक्टर दर का वेतन का भुगतान कर उनकी पहचान के लिए नियुक्ति पत्र एवं ड्रेस कोड लागू किया जाए। शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग के स्कूलों, छात्रावासों में कार्यरत अंशकालीन, दैनिक मजदूरी, अस्थाई चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को जब तक स्थाईकर्मी नहीं बनाया जाता, तब तक कलेक्टर दर पर कुशल कर्मचारी का वेतन दिया जाए।

### मेंटो को रोजगार सहायक के पद पर दी जाए पदोन्नतिः

मनरेगा मेटो के लिए मासिक वेतन तय कर कर्मचारी का दर्जा देकर रोजगार सहायक के पद पर पदोन्नति किया जाए। रोजगार गारंटी के तहत जाब कार्डधारी परिवार के हर सदस्य को 200 दिन काम और 450 रुपए प्रति दिन मजदूरी दी जाए। स्कूली अतिथि शिक्षकों को नियमित रोजगार देकर गुरुजी की तरह विभागीय परीक्षा लेकर नियमित शिक्षक का सम्मान दिया जाए।रसोईयों को न्यूनतम वेतन एवं मध्यान्ह भोजन संचालक समूहों को मानदेय, मध्यान्ह भोजन राशि प्रति बच्चा 30 से 40 रुपए प्रति दिवस और शत प्रतिशत बच्चों के मान से राशि दी जाए। कोटवारों को सेवा भूमि का मालिकाना हक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा, वर्दी सहित सभी सुविधाएं दी जाएं। पेशा एक्ट मोबलाईजरों को अतिरिक्त काम के दबाव से मुक्त कर नियमित रोजगार और न्यूनतम 21000 रुपए वेतन दिया जाए। आशा ऊषा कार्यकर्ता सहायिकाओं की सेवाओं को नियमित कर न्यूनतम 21,000 रुपए वेतन दिया जाए। संविदा शिक्षा प्रेरकों की सेवाएं बहाल कर उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़कर मासिक वेतन भुगतान किया जाए। सरकारी विभागों में उच्च कौशल प्राप्त कर्मचारी भी आउटसोर्स, अस्थाई पदों पर काम कर रहे हैं, जिन्हें जब तक स्थाई नहीं किया जाता, तब तक इनके वेतन का भुगतान सीधे विभाग द्वारा कराया जाए।

## विचारपुर में नया ट्रांसफार्मर लगाने की ग्रामवासियों ने की मांग



**डिंडौरी-** जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा के ग्राम विचारपुर में काफी समय से बनी बिजली की समस्या का समाधान करने की मांग से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में मंगलवार को ग्रामवासियों द्वारा दिया गया है। आवेदन में ग्रामवासियों ने लेख किया कि ग्राम बिचारपुर में विद्युत पूर्ति हेतु पूरे गांव के लिए एक ही ट्रांसफार्मर हैं। वह ट्रांसफार्मर अधिक बिजली का भार क्षमता को सहन नहीं कर सकता है, जिसके चलते आए दिन ट्रांसफार्मर खराब होता रहता हैं। इस वजह से सही तरह से वोल्टेज घरों में नहीं पहुंच पाता हैं। हमेशा लाईट डिम की समस्या रहती है। इस कारण ग्रामवासियों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। लो वोल्टेज के समस्या की वजह से पढ़ने वाले बच्चे भी पढ़ाई नही कर पाते है। सभी लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए ग्रामवासियों द्वारा इसके पूर्व कई बार विद्युत विभाग शाहपुर उपकेन्द्र, डिंडौरी उपकेन्द्र, 21 फरवरी 2022 को जनसुनवाई एवं कलेक्टर को भी 09 जुलाई 2024 को शिकायत पत्र दिया गया था, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामवासियों की मांग है कि एक नया ट्रांसफार्मर गांव में लगाया जाए, जिससे समस्त घरों में संतुलित रूप से विद्युत सप्लाई हो सके और सभी घरों में पर्याप्त रोशनी मिल सके।

## एपीओ जिला पंचायत रामजीवन वर्मा की सेवा समाप्त, फर्जी प्रमाण पत्र से नियुक्ति के आरोप

**आरटीआई कार्यकर्ता पत्रकार अनिल पटेल ने की थी शिकायत**

**कलेक्टर के अनुमोदन पर सीईओ जिला पंचायत ने जारी किया आदेश**



**डिंडोरी।** फर्जी और भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर 16 सालों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन कुमार वर्मा की सेवा समाप्त कर दी गई है।इस बाबद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कलेक्टर के अनुमोदन पर आदेश जारी किया है।आदेश में आरटीआई कार्यकर्ता और पत्रकार अनिल पटेल द्वारा पेश की गई जानकारी के आधार पर की गई जांच में एपीओ रामजीवन वर्मा के दस्तावेजों की प्रामाणिकता को फर्जी पाने और एपीओ के कार्य को असंतोषजनक पाये जाने का उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि जिला पंचायत डिण्डौरी में पदस्थ सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन कुमार वर्मा की नियुक्ति वर्ष 2008 में पंचायत एवं ग्रामींण विकास विभाग से संविदा सहायक परियोजना अधिकारी के तौर पर हुई थी। जिस दौरान नियुक्ति प्राप्त करने के लिए रामजीवन वर्मा के द्वारा शैक्षणिक दस्तावेज और जाति प्रमाण पत्र सहित मूल निवासी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किये गये थे। जाति प्रमाण पत्र के तौर पर डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट सदर जिला गया बिहार प्रदेष का 18 जून 1996 का जारी किया हुआ जाति प्रमाण पत्र जिसमें जाति वर्ग का उल्लेख होने के साथ बिहार प्रदेष का निवासी का भी उल्लेख किया गया है। वहीं मूल निवासी के तौर पर कार्यालय तहसीलदार शुजालपुर जिला शाजापुर मध्यप्रदेष द्वारा 14 अक्टूबर 1996 में जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था। जाति प्रमाण पत्र और मूल निवासी प्रमाण पत्र में भिन्नता होने के साथ साथ महज चार माह के अंतराल में रामजीवन वर्मा बिहार प्रदेष से मध्यप्रदेष के निवासी बन गये । आरटीआई में प्राप्त मूल निवासी प्रमाण पत्र जिसकी सत्यता जानने के लिए तहसील कार्यालय शुजालपुर में आरटीआई के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसके जबाव में कार्यालय तहसीलदार तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर मध्यप्रदेष ने दिनांक 24 जून 2024 को आवेदक को पत्र प्रेषित किया जिसमें उल्लेख किया गया है कि रामजीवन कुमार वर्मा पिता श्री भागवत प्रसाद वर्मा को 14.10.1996 में जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार शुजालपुर एवं न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर के 1996-97 की दायरा पंजियों का अवलोकन किया गया लेकिन उल्लेखित 14.10.1996 को रामजीवन कुमार वर्मा के नाम का प्रकरण पंजीकृत होना नही पाया गया है। इससे साफ जाहिर था कि रामजीवन कुमार वर्मा द्वारा फर्जी मूल निवासी तैयार करवाकर शासकीय नौकरी पाने के लिए धोखधडी की गई है ।

## राजपूत समाज का ऐतिहासिक निर्णयः फिजूलखर्ची, डीजे और बिंदोरी पर पूर्ण प्रतिबंध, शादी-ब्याह होंगे सादगीपूर्ण

डिंडौरी

राजपूत समाज ने सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ग्राम नान डिंडोरी में समनापुर एवं अमरपुर क्षेत्र के राजपूत समाज की संयुक्त बैठक में समाज को दिशा देने वाले ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। इस बैठक में समाज के वरिष्ठजनों के साथ-साथ युवाओं ने भी एकमत होकर कई सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने का संकल्प लिया।



### शादी-ब्याह में सादगी को मिलेगा स्थान

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि अब समाज में होने वाले



विवाह समारोह पूर्णतः सादगीपूर्ण होंगे। बिंदोरी निकालने, डीजे बजाने और पटाखे फोड़ने जैसी दिखावटी परंपराओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इन कदमों का उद्देश्य न केवल फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना है, बल्कि समाज में समानता और अनुशासन की भावना को भी बढ़ावा देना है।

### बारात और लग्न में सीमित संख्या का नियम

शादी के कार्यक्रमों को सीमित दायरे में रखने के लिए बारात में अधिकतम 60 से 80 लोगों तक की ही अनुमति दी गई है। इसके अलावा, बारात का समय सुबह 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। लग्न में केवल 10 से 15 व्यक्ति ही शामिल हो सकेंगे।

### मृत्युभोज की परंपरा में बड़ा बदलाव

समाज ने मृत्युभोज की बढ़ती दिखावे वाली परंपरा को भी संशोधित करते हुए इसे सीमित किया है। अब केवल 25 से 30 लोग ही भोज में भाग लेंगे। वहीं, मृत्युभोज की परंपरा को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। साफ-सफाई की जिम्मेदारी समाज के स्वयंसेवक निभाएंगे, जिससे एकजुटता और सहयोग की भावना को बल मिलेगा।

### नेग-उपहार की सीमा तय

**शादी में नेग-उपहार को लेकर भी सीमाएं तय की गई हैं, जिससे अनावश्यक बोझ न बढ़े। निर्धारित राशि इस प्रकार हैः**

**द्वारचार एवं मंडप नेगः अधिकतम 2100**
**हल्दी रस्मः 800**
**नाई और स्वांसिन का नेगः 1100**
**गीत मंडली एवं पिचकारी नेगः 500 से 1000 तक**

### नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम

राजपूत समाज ने नशा मुक्त समाज की पहल को भी आगे बढ़ाया है। शराब, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट जैसे सभी मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे तत्वों को शादी सहित किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में अनुमति नहीं होगी।

### महिलाओं और बेटियों के लिए दिशा-निर्देश

समाज की बेटियों के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। तय किया गया है कि बेटियां मर्यादित वेशभूषा में रहेंगी और समाज की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगी, जिससे सामाजिक जिम्मेदारियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

### अनुशासन का होगा पालन, उल्लंघन पर कार्रवाई

बैठक में यह भी कहा गया कि यदि कोई सदस्य समाज द्वारा तय किए गए नियमों की अवहेलना करता है तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन नियमों को समाज की एकता, संस्कृति की रक्षा और नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### समाज को नई दिशा देने वाला निर्णय

राजपूत समाज का यह निर्णय आधुनिकता के बीच अपनी परंपराओं को बचाए रखने का संदेश देता है। इस प्रकार के फैसले न केवल आर्थिक रूप से राहत देने वाले हैं, बल्कि इस सामाजिक समरसता और आत्मसम्मान को भी मजबूती प्रदान करते हैं।बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष जयसिंह राजपूत द्वारा की गई, इस दौरान बैठक में सरवन ठाकुर, मंगल सिंह राजपूत, नारायण ठाकुर, श्रवण गौतम, कुबेर सिंह गौतम, हेमराज सिंह, जगदीश ठाकुर, दिगम्बर सिंह राजपूत, सहित बड़ी संख्या में समनापुर और अमरपुर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## ग्राम पंचायत देवरा में जल संकट से ग्रामीण परेशान

**जनसुनवाई में आवेदन देकर पानी की व्यवस्था कराने लगाई गुहार**



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा के ग्रामीण लंबे समय से जल संकट की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित आवेदन देते हुए समस्या के समाधान की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने लेख किया कि ग्राम पंचायत देवरा के बनवासी टोला, किसान टोला एवं नीचे टोला में पानी की काफी समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान टोला में नल जल योजना से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। नीचे टोला में भी पूर्व में नल जल योजना संचालित थी वह भी वर्तमान में बंद है। यहां पर जल जीवन मिशन योजना भी स्वीकृत हो गई है, उससे भी पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जबकि गांव में पाइप लाइन का विस्तार भी सभी स्थान पर नहीं किया गया है। मात्र हंस नगर, भर्रा टोला तक पानी की सप्लाई की व्यवस्था की गई है। नीचे टोला की पानी की टंकी भी दूसरे स्थान पर बना दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वनवासी टोला में भी पुरानी पाइप लाइन पंचायत द्वारा डाल दी गई है।ग्रामीण वर्तमान में पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान के लिए पहल की जाए। आवेदको में जितेंद्र सोनी, सीता भवेदी, यशवंत कुमार, मंगल सिंह समेत अन्य ग्रामीण शामिल है।

### फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**डिण्डौरी।** *विगत कई वर्षों से पेट की बीमारी से परेशान होकर एक तीस वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर अपनी ईहलील समाप्त कर ली।मिली जानकारी के अनुसार थानांतर्गत मृतक के पिता कोमल सिंह कुशराम निवासी सारंगपुर ने थाने आकर घटना के संबंध में रिपोर्ट लिखाई कि सोमवार को में घर के पास खलिहान में काम कर रहा था और मेरी बहु बच्चों को लेकर कुआं नहाने गई थी एवं मेरी पत्नी ग्राम सभा की बैठक में पंचायत गई हुई थी शाम करीबन पांच बजे मेरी बहु की घर से रोने चिल्लाने की आवाज आई तो मैने घर आकर देखा कि मेरा लड़का गांधी कुशराम उम्र 30 वर्ष घर की छत पर लगे सीलिंग फैन लगाने के लिए बनाए गए हुक में फंदा लगाकर लटक रहा था युवक को जब तक नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी मृतक के पिता के अनुसार युवक लगभग आठ वर्षों से पेट दर्द की बीमारी से परेशान था इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं लग रहा था।घटना वाले दिन भी युवक पेट दर्द से परेशान था बताया जाता है कि संभवतः इसी* के चलते युवक ने मौत को अपने गले लगा लिया।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है

## खबर संक्षेप

### किराना व्यापारी संघ का गठन दीपक सिंघई बने अध्यक्ष

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा किराना व्यापारी संघ का चौधरी किराना के निवास पर किराना विक्रेताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें व्यापारियों के हितों को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए दो वर्ष के लिए व्यापारी संघ का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दीपक सिंघई उपाध्यक्ष विपिन स्वदेशी कोषाध्यक्ष सुदीप कोठारी सचिव सैंकी अग्रवाल सहसचिव राजीव स्वदेशी मीडिया प्रमुख रोहन कठल इस मौके पर संजय स्वदेशी पंकज स्वदेशी नीरज तिवारी पंकज तिवारी रामनरेश तिवारी अभय जैन अभिषेक जैन राजू अग्रवाल अक्षय जैन रोहित जैन प्रदीप तेनगुरिया संदीप जैन अखिलेश जैन आशीष चौधरी दीपेश जैन राजेश जैन अरिहंत जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### मूंग की फसल को नहीं मिल पा रहा अनुकूल माहौल

**तेंदूखेड़ा ।** रवि मौसम की मूंग की फसल को अनुकूल माहौल ना मिल पाने के कारण फसल सही तरीके से ग्रोथ नहीं कर पा रही है। किसानों का कहना है कि रवि मौसम की फसल को पर्याप्त तेज गर्मी की जरूरत पड़ती है। लेकिन फसल की बोबनी के बाद से अभी तक उचित गर्मी नहीं मिल पा रही है। बीच बीच में बारिस और मौसम में थोड़ी सी ठंडक के चलते मूंग अपेक्षाकृत ग्रोथ नहीं कर पा रही है। वर्तमान में फसल में इल्ली का प्रकोप देखने में मिल रहा है किसानों द्वारा स्प्रे के साथ दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है।

### आदतन अपराधी अमित भाटिया पंहुचा जेल

**नरसिंहपुर।** जिले के करेली में अपने आपको पत्रकार बताने वाले करेली निवासी अमित भाटिया पिता सतीश भाटिया लंबे समय से स्थानीयजन लगातार परेशान करता आ रहा है और पत्रकारिता के बहाने लोगों को ब्लैकमेल भी करता रहा है ऐसे गंभीर आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाए जाते रहे हैं हद तो तब हो गई जब शनिवार की शाम स्थानीय पत्रकार पर खुद हमला कर उसकी भ्रामक खबर को समर्थ सहारा के नाम से सोशल मीडिया पर फैलाया जिस पर दैनिक भास्कर के पत्रकार अमित श्रीवास्तव जिन पर जानलेवा हमला हुआ उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस थाने पहुंच कर भाटिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। इस मामले में जब 14 अप्रैल को करेली पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाया, तो उसने वहां भी पुलिस के साथ बदसलूकी और गुंडागर्दी की। इस व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अमित भाटिया के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296, 115(2) और 308(5) के तहत मामला दर्ज किया। सोमवार शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे मुलायजा के बाद जेल भेज दिया गया। वही समर्थ सहारा के नाम का दुरूपयोग करने ओर उसकी छवि धूमिल करने की वजह से जिला ब्यूरो द्वारा भी अमित भाटिया के खिलाफ मंगलवार 15अप्रेल को थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसमें स्पस्ट किया गया है जो खबर समर्थ सहारा के नाम से अमित श्रीवास्तव के खिलाफ एडिट खबर प्रचारित की है उससे कोई लेने देना समर्थ सहारा परिवार का नहीं है वही प्रेस परिसद पर भी अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत भी परिसद के द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई है पूर्व में भी भाटिया द्वारा सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार, धमकी और पैसों की मांग जैसी गतिविधियों से आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल करने का यह सिलसिलालंबे समय से करता चला रहा था। वही बीते वर्ष 2024 में भी अमित भाटिया पर करेली थाना में दो आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे। वर्ष 2018 में भी उसकी इसी तरह की हरकतों के चलते मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उसे जिला बदर किया गया था। साथ ही 2019-20में महिलाबाल विकाश की महिला अधिकारी से पैसे मांगे व उनसे अभद्रता के आरोप में पहले भी जेल जा चुका है पुलिस की त्वरित कार्यवाही से यह स्पस्ट दिख रहा है की वह भी फर्जी पत्रकारिता करने के साथ ब्लेकमेलिंग व अवैध तरीके से पैसे मांगे वालों पर हर हमेशा सख्त रहेगी।

### उपार्जन केंद्रों में किसानों को बैठने, पेयजल, छाया, पंखा आदि सुनिश्चित करने के निर्देश

# मानसिक व शारीरिक विकास के लिए पोषण पर ध्यान दें- कलेक्टर

## ग्राम पंचायत गुंदरई में कलेक्टर ने किया स्कूल, पंचायत और खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने ग्राम पंचायत गुंदरई में माध्यमिक स्कूल, पंचायत और विभिन्न खरीदी केन्द्रों का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत गुंदरई में माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण और पंचायत में कराये जा रहे राशन प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी का कार्य देखा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने माध्यमिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति और उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गुंदरई में सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 25 अप्रैल तक चलाये जा रहे ई-केवायसी का कार्य देखा। उन्होंने कहा कि जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को व उनके परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी करना आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर ने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान में किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से उन्होंने निर्देश दिये कि जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से कराये जायें।







### विभिन्न खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुंदरई में श्री शक्ति वेयर हाऊस, गोहचर में शिव शक्ति वेयर हाऊस, गोटेगांव में सांईश्रद्धा वेयर हाउस, कंजई गर्रा रोड में राव वेयर हाउस और रामनिवारी में समृद्धि वेयर हाऊस का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां गेहूं, चना व मसूर उपार्जन का कार्य देखा।उपार्जन कार्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सहूलियत के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें खरीदी केन्द्रों में पुख्ता रहनी चाहिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि वे शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही एफएक्यू गुणवत्तायुक्त उपार्जन किया जाये। खरीदी केन्द्रों में संबंधित कर्मचारी समय पर उपलब्ध रहें और अपना काम सुचारू रूप से सम्पादन करते रहें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने किसानों के लिए उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें, किसानों को बैठने, पेयजल, छाया, पंखा आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### आयोजित पोषण पखवाड़ा आयोजित

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आंगनबाड़ी केन्द्र गुंदरई व गोहचर में पोषण पखवाड़ा अभियान में शामिल हुई। यहाँ उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में कुपोषण के कारण मानसिक और शारीरिक विकास रूक जाता है, इसलिए कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दे । सभी प्रकार की ताजा सब्जियां और फल का सेवन करें। कलेक्टर ने कहा कि दाल और सब्जी में मुनगे को मिलाकर खायें, जिससे बच्चों को सही पोषण मिल सके। बच्चों का वजन सही तरीके से लिया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि गर्भवती व धात्री महिलाओं को अच्छा पोषण उपलब्ध कराये। ग्राम पंचायत गोहचर में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को पोषण के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोटेगांव श्रीमती देवंती परते, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री राधेश्याम वर्मा, सीईओ जनपद गोटेगांव, अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया के मुख्य आतिथ्य में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित विकासखंड स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। इस दौरान पूछे गये प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले 5 प्रतिभागियों मिहिर पटेल, सौम्या शर्मा, अभय पटेल, चंदन सिंह जाटव व घनश्याम चैधरी और राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों व अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों सोना केवट, रंजीता पटेल, हेमलता राजपूत, अनिकेत पटेल व अपर्णा शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने कहा कि हम सभी को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन व शिक्षा से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा बनाये गये संविधान की सर्वोच्चता से पालन करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष नगर पालिका नीरज दुबे ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन संघर्षों से भरा होने के बावजूद भी, उन्होंने सर्वोच्च शिक्षा हासिल की और सामाजिक समानता, बंधुत्व एवं समरसतापूर्ण जीवन के लिए आंदोलन चलाया। शंकरलाल पारोची और श्रीमती निशा सोनी ने भी अपने- अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, धार्मिक, सामाजिक एवं स्वेच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक प्रतीक दुबे व आभार श्रीमती माधवी पाठक ने व्यक्त किया।

# आम नागरिकों को लू- तापघात के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना होने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू- तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लिए विभाग द्वारा आम नागरिकों को लू- तापघाट के प्रकोप से बचाव के लिए जारी एडवायजरी के अनुसार त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द होने पर बार-बार नहलायें, यदि फफोले निकल आयें हैं, तो स्टरलाइजध ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श लें। पैरों, पेट की मांसपेसियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्याधिक पसीना आने पर छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए। ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं।अत्याधिक बुखार, अत्याधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। इससे प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल एम्बुलेंस 108 को बुलाएं तथा प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं। एम्बुलेंस आने तक उन्हें किसी शीतल वातानुकूलित स्थान पर ले जाघ। कपड़ों को ढ़ीला कर आरामदेह स्थिति में लिटाघ। उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ पीनें को नहीं दें। आवश्यकतानुसार सीपीआर शुरु करें। लू (तापघात) से बचाव के लिए पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैस लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। जहां तक हो सके दोपहर 12 से 3 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें। इसी तरह जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्याधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करायें।

## सूचना का अधिकार कोई एहसान नहीं, यह हमारा संवैधानिक हक है!

### मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला – RTI को कमजोर करने वालों को मिलेगा करारा जवाब!

**मामलाः डॉ. जयश्री दुबे बनाम केंद्रीय सूचना आयोग एवं अन्य**

फैसला दिनांकः 03 अप्रैल 2025 स्थानः उच्च न्यायालय, जबलपुर यह फैसला उन लाखों लोगों के लिए एक मिसाल है जो सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी की उम्मीद रखते हैं। आइए, जानिए इस ऐतिहासिक फैसले के प्रमुख बिंदुः1. नौकरी से संबंधित दस्तावेज अब 'गोपनीय' नहीं रहेंगेः यदि कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्त हुआ है, तो उसकी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, चयन प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज, नियुक्ति आदेश आदि निजी जानकारी नहीं माने जाएंगे।कोर्ट का स्पष्ट आदेशः ये सभी दस्तावेज जनता के लिए सार्वजनिक सूचना हैं और RTI के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं।2. गोपनीयता का झूठा बहाना अब नहीं चलेगाःसूचना आयोग ने इस RTI को RTI Act की धारा 8(1)(h), 8(1)(j) और 11 के तहत खारिज कर दिया था, लेकिन अदालत ने कहाः बिना ठोस कारण बताए सूचना को रोकना RTI अधिनियम का दुरुपयोग है।3. जनहित सर्वोपरि है – पारदर्शिता से समझौता नहींःअगर किसी नियुक्ति में भ्रष्टाचार या अनियमितता की आशंका है, तो जनता का यह जानना अधिकार है कि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष थी या नहीं।गोपनीयता की आड़ लेकर इन तथ्यों को छिपाया नहीं जा सकता।4. धारा 11 की गलत व्याख्या पर रोकःसूचना आयोग ने तीसरे पक्ष की सहमति के बिना जानकारी देने से मना कर दिया था।अदालत ने स्पष्ट कहाःअगर सूचना जनहित में है,और किसी तीसरे व्यक्ति को इससे कोई वास्तविक नुकसान नहीं,तो उसकी सहमति जरूरी नहीं है। सूचना देनी ही होगी।5. गलत मंशा से RTI नकारने पर दंडःकोर्ट ने पाया कि यह RTI जानबूझकर खारिज की गई थी ताकि किसी अयोग्य व्यक्ति को बचाया जा सके।आदेशःसंबंधित जन सूचना अधिकारी पर ₹25,000 जुर्मानायह राशि RTI आवेदनकर्ता डॉ. जयश्री दुबे को दी जाएगी6. 15 दिन में निशुल्क सूचना उपलब्ध कराना अनिवार्यःकोर्ट ने आदेश दियाः सभी मांगी गई सूचनाएं 15 दिनों के भीतर निशुल्क आवेदक को दी जाएं।यह फैसला एक चेतावनी है उन सभी अधिकारियों और संस्थाओं के लिए जो RTI के तहत सूचना देने से बचते हैं।RTI कानून का पालन न करना अब उन्हें भारी पड़ेगा।आपका RTI, आपकी ताकत!अगर आप भी सरकारी भर्तियों, नियुक्तियों या फंड के दुरुपयोग से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी चाहते हैं, तो RTI आपका संवैधानिक हथियार है। इसे जानें, अपनाएं और आवाज़ उठाएं।

## रात्रिकालीन बोस्टल कप सीजन-3 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जेल कर्मचारी कल्याण समिति, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर के तत्वाधान में आयोजित रात्रिकालीन बोस्टल कप सीजन-3 क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का समापन समिति के अध्यक्ष, जेल अधीक्षक श्री अजमेरसिंह ठाकुर की उपस्थिति में बोस्टल जेल ग्राउण्ड नरसिंहपुर में किया गया। प्रतियोगिता में नरसिंहपुर शहर की स्थानीय टीमों में 20 टीमों ने भाग लिया। 18 मार्च 2025 से 26 दिनों तक चले रात्रिकालीन क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में सभी टीमों के खिलाडियों ने अति उत्साहित होकर अपनी कला का प्रदर्षन किया। जेल इलेवन टीम ने 07 मैंचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए डी.सेन्ट-इलेवन के साथ क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 14 अप्रेल, 2025 को खेला । फाइनल प्रतियोगिता में डी.सेन्ट ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैंसला लिया। जेल इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन का स्कोर बनाया। टीम डी.सेन्ट इलेवन द्वारा चैस करते हुए 110 रन बनाये जिसमें टीम डी.सेन्ट को 17 रन से हार का सामना करना पड़ा। फायनल मुकाबले में जेल-इलेवन टीम विजेता रही एवं टीम डी.सेन्ट उप विजेता रही। बेस्ट बॉलर का पुरुस्कार विजय प्रजापति, मेन ऑफ दॉ मैच लक्की श्रीवास्तव, बेस्ट बैडस् मैन प्रवीण श्रीवास्तव को दिया गया। विजेता टीम को जेल कर्मचारी कल्याण समिति नरसिंहपुर के अध्यक्ष, जेल अधीक्षक अजमेरसिंह ठाकुर एवं समिति के उपाध्यक्ष, उप जेल अधीक्षक महेषप्रसाद टिकारिया, केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर द्वारा बोस्टल कप सीजन-3 प्रदाय कर शानदार जीत की शुभकामनाऐं दी। एवं अनुषासित रूप से भागीदार बनने के लिए सभी खिलाडियों की सराहना की । खेल कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी अधिकारीयों, कर्मचारीयों और परिवारजनों का आभार व्यक्त किया।

### दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आज

`**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतरराष्ट्रीय संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य संचालिका राजयोगिनी डॉ दादी रतन मोहिनी जी ने विगत 8 अप्रैल को अपना पुराना शरीर छोड़ परमात्मा की गोद प्राप्त की है । प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने जब से इस संस्था की स्थापना की थी तब से ही दादी जी विश्व परिवर्तन के ईश्वरीय कार्य में शामिल रही है। ऐसी आध्यात्मिक जगत की दादी रतन मोहिनी जी को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम स्थानीय सेवा केंद्र दिव्य संस्कार में आज संध्या 6 बजे से आयोजन किया जा रहा है। आप सभी श्रद्धांजलि अर्पित करने सेवा केंद्र पर आमंत्रित हैं।

# जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां जल संरक्षण की दिशा में तरह तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन धरातल पर पानी कहीं नहीं दिख रहा है। गर्मी आते ही नदियां सूखने की स्थिति में आ गई है।जिन नदियों में पानी बचा है उनमें विद्युत मोटर पाइपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई जारी है। जिस कारण से नदियां सूखने से आसपास के हैंडपंपो ट्यूबबेलों का जमीनी जल स्तर काफी नीचे पहुंचने लगा है। समय रहते समुचित प्रयास नहीं किए गए तो नदियों में पानी भी नहीं बचेगा। मवेशियों को भी पीने पानी नहीं मिल पाएगा। तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया बरांझ नदी भी अब सूखने लगी हैं। वहीं गुटोरीके समीप पाड़ाझिर नदी पर वर्षों पूर्व बने स्टॉप डैम पर गेट न होने तथा नदी का कटाव हो जाने के कारण बरसाती पानी बह जाता है। ऐसी स्थिति में नदी में पानी नहीं बच रहा है। समीपी ग्राम इमझिरा नदी का लगातार कटाव होने के कारण पाट काफी चौड़ा होता चला जा रहा है।

क्षेत्र के कृषकों का कहना है कि बिजली की समस्या के चलते ट्यूबबेलों के माध्यम से पानी को लेकर काफी परेशानी होती रही है यहां तक की मवेशियों को पानी पिलाने के लिए भी परेशान होना पड़ता था। उक्त नदी पर स्टाप डेम बन जाता है तो काफी लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलता ।गौरतलब रहे कि इमझिरा के समीप खमरिया सहित विभिन्न स्थानों पर बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने की मांग लम्बे समय से जारी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में भी योजना समिति की बैठक में मांग रखी थी।

बरांझ नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने को लेकर क्षेत्रीय लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है।ठंड के मौसम में ही जलस्त्रोत जबाब देने लगते हैं ।प्रमुखता से रखी थी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों क्षेत्रों गुजरने वाली विभिन्न क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनाया जाना काफी लाभकारी सिद्ध होगें ।बशर्ते उन्हें बनाये जाने की पहल होना जरूरी है। संबंधित विभाग यदि इस दिशा में कोई ठोस पहल करे तो भी कुछ हद तक खेतों को पानी के साथ टयूबबेल के गड्ढों और घरेलू हैंडपंपों कुओं में पर्याप्त पानी रह सकता है। एक तरफ पानी की समस्या को लेकर आये दिन परेशानी का आलम देखा जाता है । ऐसे समय में छोटे-छोटे स्टाप डेम से किया गया जल संरक्षण लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।

### गंगई टेकापार के बीच वर्ष भर रहता है पानी

नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गंगई और टेकापार के बीच बहने वाली बरांझ नदी जिसमें वर्षभर पानी बहता है यदि इस नदी पर दो तीन स्थानों पर स्टाप डेम बन जाते हैं तो गंगई और टेकापार के बाजू से लगे विभिन्न ग्रामों के किसानों को लाभ मिलेगा।पूर्व में भी इस संबंध में लिखित ज्ञापन भी सौपा गया है। लेकिन अभी तक उचित निराकरण भी नहीं हो पाया हैं ।कृषकों ने स्टाप डेम बनाये जाने की मांग की है।

### तालाबों का हो उचित रख रखाव

तालाबों के संरक्षण तथा जमीनी जलस्तर बढ़ाये जाने की दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों का उचित तरीके से रखरखाव न होने तथा उनमें कचरा डाले जाने वे नष्ट हो रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए नागरिक और जिम्मेदार दोनों बेखबर हैं। तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब निर्माण के लिए भारी भरकम कागजो में तोड़फोड़ खूब निकाली गई लेकिन धरातल पर आज एक भी तालाब नहीं बचा है और ना ही कहीं पानी देखने मिल रहा है।